**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**09.07.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

**नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर हैं। नड्डा ने नाचन विधानसभा क्षेत्र के स्यांज में आपदा प्रभावित दो परिवारों के साथ मुलाकात की। इन परिवारों ने आपदा में अपने 9 सदस्यों को खोया है। उन्होंने परिवार के लोगों को ढांढस बंधाया और क्षेत्र में हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने पंगलीयूर में भी आपदा प्रभावितों से मुलाकात की और क्षेत्र में हुए नुकसान का जायजा लिया। जे.पी. नड्डा बाद में सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और नाचन के विधायक विनोद कुमार भी उनके साथ इस दौरे पर हैं।

**मुख्यमंत्री**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी आज से मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दो दिवसीय दौरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मौसम खराब होने के कारण सड़क मार्ग से आज शिमला से मंडी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के पहले दिन आपदा प्रभावित क्षेत्र बगस्याड़ में नुकसान का जायज़ा लिया और प्रभावित परिवारों के साथ बातचीत कर उनकी पीड़ा को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बगस्याड़ में राहत शिविर का भी दौरा किया और यहां रह रहे लोगों का दुख–दर्द जाना। मुख्यमंत्री ने बाद में सरण गांव में आपदा से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। सरण गांव में बादल फटने से घरों, कृषि योग्य भूमि व अन्य सम्पदा को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने सरण गांव के लोगों से भी मुलाकात की और उन्हें सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान थुनाग, जंजैहली, सरां और बाड़ा का भी दौरा करेंगे।

## जगत सिंह नेगी

बागवानी व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा से नुकसान का सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में अभी तक मॉनसून की भारी बरसात से एक हज़ार करोड़ रूपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर आपदा के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि सुक्खू सरकार प्रभावितों को हरसंभव राहत पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपदा राहत अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। राजस्व मंत्री ने कहा कि करसोग के लिए सड़क सम्पर्क बहाल कर दिया गया है और वहां फंसे पर्यटकों को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

## रोक

पर्यटन विभाग ने चम्बा के खज्जियार में पैराग्लाडिंग पर रोक लगा दी है। ये रोक 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक रहेगी। विभाग ने मानसून के दृष्टिगत ये फैसला लिया है ताकि बरसात के दौरान पर्यटकों की जान को कोई जोखिम न रहे। बरसात के दौरान करीब एक माह तक पर्यटक पैराग्लाडिंग नहीं कर पाएंगे।

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और राज्य के अधिकांश हिस्सों में रूक–रूक मॉनसून की वर्षा का सिलसिला जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान नाहन में सर्वाधिक 70 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा नंगल डैम में 36, धौलाकुआं में 29 और गोहर में 20 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अन्य स्थानों पर भी इस दौरान व्यापक वर्षा हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज और कल भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इसके बाद मॉनसून की वर्षा में कुछ कमी आएगी। इस बीच प्रदेश में भारी वर्षा, भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाओं के कारण अभी भी एक सौ 98 सड़कें, एक सौ 59 बिजली ट्रांसफार्मर और 2 सौ 97 पेयजल योजनाएं बंद हैं। अकेले मंडी ज़िला में एक साथ 50 सड़कें बंद हैं। प्रदेश में मॉनसून की दस्तक के बाद से अभी तक मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में 85 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 35 लोग लापता हैं। इसके अलावा एक सौ 65 मकान भी पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं।

———————————————